BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 23 फरवरी, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना पहासू**

लूट की घटना कारित करने वाले बदमाश से थाना पहासू पुलिस टीम व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व 2 लाख 40 हजार रूपये नकदी बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 23.02.2025 की रात्रि को थाना पहासू पुलिस टीम व स्वाट टीम देहात ग्राम सारंगपुर के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी, इसी दौरान भैयापुर की तरफ एक बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया तो बाइक को तेजी से मोड़कर ग्राम सारंगपुर की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाश की बाइक फिसल जाने के कारण पुलिस टीम द्वारा घेर लिया गया। जिस पर बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. मौ0 मौज्जम पुत्र जाहिद निवासी मौ0 शेखुवाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा अपराधी है जिसने थाना पहासू क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15-02-2025 को योजनानुसार ग्राम भैय्यापुर बम्बे के पहले आम के बाग के पास नदीम की गाडी रुकवाकर रुपये लूट कर वहां से फरार हो जाने की घटना कारित की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना पहासू पर मुअसं 44/25 धारा 309(4)/351(3)/317(2)/61(2) बीएनएस पंजीकृत है। जिसकी गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- मौ0 मौज्जम पुत्र जाहिद निवासी मौ0 शेखुवाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ।

बरामदगी-

1- 01 पिस्टल 32 बोर, 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 बाइक पैशन प्रो (बिना नम्बर)
3- 2,40,000/- रूपये नकद(लूटे गये)

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त मौ0 मौज्जम का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 530/20 धारा 379/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 541/10 धारा 307 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 342/10 धारा 411/457/468/471 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं- 544/10 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 2401/25 धारा 305(2) बीएनएस थाना ई0 पुलिस थाना न्यू उस्मानपुर दिल्ली।
6. मुअसं- 44/25 धारा 309(4)/351(3)/317(2)/61(2) बीएनएस थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना पहासू।
2- उ0नि0 संजय सिंह, उ0नि0 केवल सिंह, उ0नि0 नदीम अहमद, उ0नि0 राजेन्द्र, है0का0 सिद्धार्थ यादव, का0 सौरभ सिंह, का0 धर्मेन्द्र कुमार।

स्वाट टीम देहात-

1. श्री पम्मी चौधरी प्रभारी स्वाट टीम देहात।
2. है0का0 नेत्रपाल, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 कुलदीप सिंह, है0का0 अरूण, का0 मनीष, का0 आकाश, का0 अजय, का0 विपिन।

मीडिया सेल बुलंदशहर